सुविचार

मनुष्य को हमेशा मौका नही ढूंढना चाहिये, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।

साप्ताहिक

युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-9 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 07 अप्रैल 2023 ypnews24@gmail.com पृष्ठ -8 मूल्य 2 रुपये

## राज्य सरकार अपने खर्च पर कब आरोपी व्यक्ति को वकील उपलब्ध करवा सकती है जानिए/CrPC.......



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

भारतीय संविधान में कहा गया है की सभी को समान न्याय मिले किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो । जब किसी गंभीर मामलों का किसी व्यक्ति पर आरोप लगा दिया जाता है तब पीड़ित व्यक्ति का पक्ष सरकारी वकील द्वारा एवं सरकार द्वारा रखा जाता है। व्यक्ति पर आरोप लगने का अर्थ यह नहीं है कि व्यक्ति अपराधी हो गया है,ऐसे में आरोपी व्यक्ति के पास वकील नहीं है अपने पक्ष रखने के लिए तब क्या न्यायालय एक तरफा निर्णय देगा या आरोपी को भी सरकार द्वारा वकील उपलब्ध करवाया जाएगा जानते हैं इनका जबाब।

**दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 304 की परिभाषा?**

1. जिला एवं सेशन न्यायालय के समक्ष किसी गंभीर अपराध की सुनवाई शुरू हो गई है एवं आरोपी के पास अपने बचाव (प्रतिरक्षा) के लिए कोई वकील नहीं है,वहाँ न्यायालय आरोपी को राज्य सरकार के खर्च पर उसकी प्रतिरक्षा के लिए वकील उपलब्ध करवाएगा।
2. राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से उच्च न्यायालय वकील के चयन संबंधित नियम बना सकता है।
3. राज्य सरकार को यह भी शक्ति प्राप्त है कि अन्य न्यायालय में भी आरोपी पक्ष को अपने खर्च पर वकील उपलब्ध करवा सकती है।

कुल मिलाकर बात करे तो ऐसे आरोपी व्यक्ति जो गरीब, निर्धन है या जीने पास प्राइवेट वकील को अपनी प्रतिरक्षा में करने के लिए पर्याप्त साधन नहीं है तब उसे राज्य सरकार के खर्च द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 304 के अंतर्गत वकील उपलब्ध होगा।

## किसी अन्य की स्त्री को बहला फुसलाकर ले जाना एवं बन्द करके रखना किस प्रकार का अपराध होता है जानिए/legal advice........



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

जब कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति की स्त्री को बहला फुसलाकर अर्थात मीठी-मीठी बाते करके या किसी भी प्रकार का लालच देकर ले जाता है या ले जाने के बाद उसे किसी स्थान पर बन्द करके रखता है या उसके साथ संभोग करता है तब ऐसा व्यक्ति भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498 के अंतर्गत दोषी होगा। यह अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय अपराध है इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है। सजा इस अपराध के लिए अधिकतम दो वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

**भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498 का अपराध एक शमनीय अपराध है जानिए?**

दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा(1) के अनुसार किसी की स्त्री को बहला फुसलाकर कर ले जाने का अपराध एक समझौता योग्य अपराध हैं इसका समझौता बिना न्यायालय की आज्ञा अर्थात न्यायालय के बाहर ही किया जा सकता है इस अपराध का समझौता उस स्त्री के पति से या उस स्त्री से किया जा सकता है जिसे बहला फुसलाकर ले जाया गया था।

**केंद्र सरकार के आदेश से एमपी में टेंशन**

## केंद्रीय सेवानिवृत्त कर्मचारियों के डीआर में 4% की वृद्धि, प्रदेश में 5% मिल रहा कम, सीएस को लिखा पत्र

**भोपाल।** केंद्रीय सेवानिवृत्त कर्मचारियों के महंगाई राहत में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी का आदेश दिल्ली ने जारी किया। एक जनवरी से 38 के स्थान पर 42 प्रतिशत का लाभ रिटायर्ड कर्मचारियों को मिलेगा। इससे मप्र के करीब ढाई लाख केंद्रीय सेवानिवृत्त कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। उधर, केंद्र के आदेश के बाद एमपी में कर्मचारी वर्ग में असंतोष दिखाई दे रहा है। मध्यप्रदेश सरकार के कर्मचारियों ने 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता और राज्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 5 प्रतिशत महंगाई राहत की मांग सरकार से की है। एमपी के सरकारी कर्मचारियों के सबसे बड़े संगठन तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के नाम पत्र लिखा है। केंद्र सरकार के निर्णय को देखते हुए मध्यप्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को 4% महंगाई भत्ता और राज्य सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 5% महंगाई राहत के आदेश जारी किए जाए।




**राज्य सेवानिवृत कर्मचारियों को पांच फीसदी कम मिल रही महंगाई राहत**

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव उमाशंकर तिवारी ने बताया कि प्रदेश सरकार सेवानिवृत कर्मचारियों को केंद्र से पांच फीसदी कम महंगाई राहत दे रही है। केंद्र 42 तो राज्य मजह 37 प्रतिशत डीआर दे रही है। उन्होंने बताया कि इस असमानता को दूर करने से सरकार पर कोई वित्तीय संकट खड़ा नहीं होगा। प्रदेश में सेवानिवृत कर्मचारियों की संख्या मात्र 4 लाख 50 हजार है।

### 16 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन में डीए बड़ा मुद्दा

बीते सोमवार को एमपी के दर्जन से अधिक पेंशनर्स और सरकारी कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त बैठक की थी। बैठक में 16 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 20 अप्रैल से चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। इस बैठक में केंद्र के सामान केंद्रीय तिथि से महंगाई भत्ता/राहत की मांग प्रमुख है। बता दें कि 20 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने मध्यप्रदेश की तीन विभूतियों को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया



**भोपाल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को मध्यप्रदेश की तीन विभूतियों को वर्ष 2023 के पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। कला के क्षेत्र में श्री रमेश परमार और श्रीमती शांति परमार तथा चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. मुनीश्वर चंद्र डावर को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। झाबुआ के कलाकार दंपत्ति श्री रमेश परमार और श्रीमती शांति परमार पिछले 3 दशकों से झाबुआ की सुप्रसिद्ध जनजातीय गुड़िया और पारंपरिक जनजातीय परिधान के निर्माण में लगे हुए हैं। जबलपुर के चिकित्सक डॉ. डावर किफायती इलाज से समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की सेवा कर रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में नागरिक अलंकरण समारोह के दूसरे चरण में वर्ष 2023 के लिए 3 पद्म विभूषण, 5 पद्म भूषण और सैंतालिस पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए गए।

## प्रदेश का विकास और जनता का कल्याण ही मेरी जिंदगी का मकसद : मुख्यमंत्री

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश) ❑शहडोल**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश का विकास और जनता का कल्याण ही मेरी जिंदगी का मकसद है। इसे पूरा करने के लिए मुझे आप सभी का सहयोग चाहिए। प्रदेश में बहन-बेटियों की जिंदगी सँवारने के लिए सामाजिक क्रांति चल रही है। यदि बहने सुखी हैं तो मेरी जिंदगी सफल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज शहडोल जिले के ब्यौहारी में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने तेंदूपत्ता संग्राहकों को 51 करोड़ के बोनस का वितरण भी किया। बहनों ने अपने लाड़ले भैया शिवराज को राखी बांधी, उनके लिए गीत गाया, अभिनंदन-पत्र का वाचन किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 327 करोड़ 51 लाख रूपये की लागत वाली भन्नी वृहद सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने जिला प्रशासन की पुस्तक ÷सफल-सबल शहडोल÷ का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहानने ब्यौहारी को मिनी स्मार्ट सिटी बनाने, रिंग रोड औरपुल निर्माण सिहत बाण सागर में इसी सत्र से कॉलेज खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना एक सामाजिक क्रांति है। यह बहनों की जिंदगी में सम्मान लाएगी और उनका आत्म-विश्वास बढ़ेगा। काफी सोच-विचार के बाद यह योजना बनाई गई है। इसमें बहनों के खाते में हर माह 1000 रूपये दिए जाएंगे। ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय ढाई लाख से कम हो, भूमि 5 एकड़ से कम हो और चार पहिया वाहन न हो, की 23 से 60 वर्ष तक की बहनों को इस योजना का लाभ मिलेगा। योजना के लिए हर वार्ड और गाँव में शिविर लगाए जाकर फार्म भरे जाएंगे। फार्म भरने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। यदि इसके बाद भी नाम छूट गए तो उन्हें भी जोड़ा जाएगा। हर पात्र बहन को योजना का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योजना में बहनों का केवाईसी कराना आवश्यक है। इसके लिए सरकार प्रति केवाईसी 15 रूपये केवाईसी करने वालों को देगी। केवाईसी राशन की दुकान, कॉमन सर्विस सेंटर और एमपी ऑनलाइन पर करवाया जा सकता है। इसके लिए यदि बहन को दूसरे गाँव जाना पड़े, तो उसके लिए गाड़ी की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी बहन किसी भी व्यक्ति को एक भी रुपया न दे। यदि कोई मांग करता है तो सीधे 181 पर शिकायत करें, उस व्यक्ति को जेल भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैंने बचपन से देखा कि बेटियों के प्रति पूरा न्याय नहीं होता था। उन्हें घर, परिवार और समाज में बेटों के बराबर सम्मान नहीं मिलता था। तब मैंने मन में ठान लिया था कि मैं बेटियों के सम्मान के लिए निरंतर संघर्ष करूँगा। मैंने मुख्यमंत्री बनते ही लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई। इसके बाद मुख्यमंत्री कन्या विवाह /निकाह, गाँव की बेटी और प्रतिभा किरण जैसी अनेक योजनाओं से बहन-बेटियों के कल्याण के कार्य होते चले गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में पंचायतों और नगरीय निकाय में बहनों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इससे वे राजनीतिक क्षेत्र में भी सशक्त हो रही है। पुलिस की भर्ती में बहनों को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है। प्रदेश में नशे पर नैतिक अंकुश लगाया गया है। शराब के अहाते बंद कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पेसा नियम के लागू हो जाने के बाद जनजातीय क्षेत्रों में जनजातीय भाई-बहनों को जल, जंगल और जमीन के अधिकार मिले हैं। अब तेंदूपत्ता संग्राहक स्वयं तेंदूपत्ता तोड़ कर बेच सकते हैं।

- *लाड़ली बहना योजना एक सामाजिक क्रांति, हर पात्र बहन को मिलेगा योजना का लाभ*
- *सरकार हर केवाईसी के लिए 15 रूपये की राशि देगी*
- *पेसा नियम ने जनजाति भाई-बहनों को दिलाए हैं उनके अधिकार*
- *मुख्यमंत्री श्री चौहान ब्यौहारी में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए*
- *भन्नी वृहद सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया*
- *तेंदूपत्ता संग्राहक को 51 करोड़ रूपए के बोनस का वितरण*



## मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक के दर्शन में दर्शनार्थी हुए परेशान,मेन गेट के द्वार 10 बजे से कर दिए गए बंद

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

अनूपपुर। मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक में दर्शन करने के लिए भारत के कोने कोने से मां नर्मदा के भक्त एवं नर्मदा परिक्रमा वासी आते हैं।लेकिन मुख्यमंत्री के 3 अप्रैल 2023 को अमरकंटक आगमन को देखते हुए प्रशासन द्वारा 10 बजे से मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक के मेन गेट को बंद कर दिया गया।जिससे दर्शनार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जबकि मुख्यमंत्री का अमरकंटक आगमन 11.30 बजे पर होना सुनिश्चित था।दूरदराज से आए मां नर्मदा के भक्त चिरौरी विनती करते रहे।लेकिन ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे।दूर-दूर से आए दर्शनार्थियों को अपने कार्यक्रम के तहत वापसी भी होना था लेकिन मुख्यमंत्री के आने के कारण उन्हें दर्शन सुविधा से वंचित रखा गया। इसके पश्चात 12 बजे से मंदिर के पट बंद हो जाते हैं जिससे उन्हें काफी घंटो दर्शन के लिए इंतजार करना पड़ा।इसके लिए जिला प्रशासन को दर्शनार्थियों के लिए



मंदिरों के दर्शन बंद नहीं करने चाहिए। स्वयं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान का कहना है कि मेरे कारण मंदिरों के दर्शन से किसी को वंचित नहीं रखा जाए।उसके बावजूद भी अमरकंटक में 3 अप्रैल को मुख्यमंत्री के आगमन पर दर्शनार्थियों को दर्शन से वंचित रखा गया।

## शिव मारुति मंदिर सामतपुर में ऐतिहासिक होगा, हनुमान जन्मोत्सव,निकलेगी शोभा यात्रा-आशीष

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

अनूपपुर। शिव मारुति मंदिर सामतपुर,अनूपपुर के अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी ने बताया कि 6 अप्रैल 2023 को शिव मारुति मंदिर सामतपुर में ऐतिहासिक हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।जिसमें सभी धर्म प्रेमियों की सहभागिता आवश्यक है।उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्राचीन काल के इस मंदिर में पौराणिक गाथाएं जुड़ी हुई है और इस मंदिर का अपना एक अलग धार्मिक इतिहास है। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन भी मंदिर प्रांगण में किया जाएगा।शिव मारुति मंदिर सामतपुर,अनूपपुर के अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी ने बताया कि दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।तत्पश्चात सायं 4.00 बजे से शिव मारुति मंदिर सामतपुर,अनूपपुर से शोभा यात्रा प्रारंभ होगी।जो शहर के थाना तिराहा से राम जानकी मंदिर से सब्जी मण्डी मार्ग,आदर्श मार्ग से वापस शिव मारूती मंदिर के पास



पहुंचकर समाप्त होगी।जिसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति ले ली गई है। शिव मारुति मंदिर सामतपुर,अनूपपुर के अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि इस पावन अवसर पर अपनी सहभागिता दें एवं शोभा यात्रा में शामिल होकर अपने जीवन को कृतार्थ करें।

## रमेश सिंह को विधिवत कांग्रेश प्रभारी ने दिया, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का प्रमाण पत्र



**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

अनूपपुर। जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष बने रमेश कुमार सिंह को विधिवत कांग्रेस भवन भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी जय प्रकाश अग्रवाल द्वारा विधिवत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनने का प्रमाण पत्र दिया।इस अवसर पर काफी संख्या में कांग्रेस उपस्थित थे। इस अवसर पर कांग्रेस प्रभारी मध्यप्रदेश जयप्रकाश अग्रवाल ने पूरी तत्परता के साथ विधानसभा चुनाव 2023 में लग जाने के निर्देश दिए। जिस पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश सिंह ने आश्वस्त किया कि जिले की तीनों विधानसभा सीट पर कांग्रेस को विजय श्री दिलाने के लिए अपना सर्वत्र न्योछावर कर देंगे और कांग्रेस पार्टी को अनूपपुर जिले की तीनों सीट दिला कर प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के हाथों को मजबूत करेंगे।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कदम्ब, सारिका इंडिका और करंज के पौधे लगाए



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में कदम्ब, सारिका इंडिका और करंज के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ श्री शुभम पटेल तथा बालक श्री अथर्व शर्मा ने अपने जन्म-दिवस पर पौध-रोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ जैन समाज के श्री मनोज जैन बांगा तथा उनके साथियों, भारतीय सेन समाज मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष श्री दीपक सिंह सहित समाज के प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पौध-रोपण किया।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ 1 मई को भोपाल में करेगा प्रदर्शन : शलभ भदौरिया

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा और जिला महासचिव चैतन्य मिश्रा ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है की मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का दो दिवसीय अधिवेशन चित्रकूट में 31 मार्च एवं 1 अप्रैल को आयोजित किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि पत्रकार सुरक्षा कानून, अधिमान्य पत्रकारों को रेल रियायत सुविधा पुनः बहाल करने तथा पत्रकार पंचायत सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर भोपाल में 1 मई मजदूर दिवस पर प्रदर्शन किया जाएगा। चित्रकूट में पत्रकारों ने रैली निकालकर कामदगिरी पर्वत की 5 किलोमीटर लम्बी परिक्रमा कर भगवान श्रीराम के साथ ही कामतानाथ स्वामी के मंदिर में प्रार्थना कर सरकार को सद्बुद्धि देने की कामना की जिससे सरकार हमारी मांगों पर ध्यान देते हुए हमारी मांगों को मंजूर कर पत्रकारों के हितों में कार्य कर सकें। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के वरिष्ठ मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष शरद जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि चित्रकूट में संपन्न अधिवेशन की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने की। सतना सांसद गणेश सिंह कार्यकर्म में मुख्य अतिथि रहें। श्री भदौरिया ने इस अवसर पर सम्मेलन में कहा कि पत्रकारों की समस्याओं की ओर सरकार ध्यान नहीं दे रही है, इसलिए जरूरी है कि हम राजधानी मुख्यालय पर 1 मई को प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन दे। पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग हमारी वर्षों पुरानी है लेकिन केंद्र और राज्य सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है, जबकि अनेकों बार शासन का ध्यान आकर्षित किया जा चुका है। अधिक से अधिक संख्या में पत्रकार साथी भोपाल पहुंचे और अपनी शक्ति का प्रदर्शन करें। यह समय का तकाजा है। उन्होंने इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्षों को पद से हटाने के साथ ही सदस्यता अभियान समिति तथा सदस्यता छानबीन समिति को छोडक़र अन्य समितियों को भंग करने की घोषणा भी की। सतना सांसद गणेश सिंह ने विश्वास दिलाया कि पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग हल करने में मैं सहभागी बनूंगा। प्रदेश के पत्रकारों को सुरक्षा कानून






का लाभ मिलना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट की गाथा संघर्ष और चुनौतियों का दृढ़ता से सामना कर सफलता पाने की संदेश वाहक है। ऐसे में यहा लिया गया संकल्प और संघर्ष का शंखनाद अवश्य सफल होगा। उन्होंने पत्रकार साथियों से कहा कि कर्मठता और निष्ठा के साथ अपना चुनौतीपूर्ण दायित्व निर्वह करें। साथ ही उन्होंने आजादी से पूर्व की पत्रकारिता का जज्बा बरकरार रखने के प्रति सजगता की सराहना भी की। मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष शरद जोशी ने पत्रकारों की 21 सूत्रीय मांग पर अतिथि और सदन का ध्यान आकर्षित किया और पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा सांसद श्री सिंह को ज्ञापन सौंपा।सम्मेलन में महामंत्री सुनील त्रिपाठी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा कोषाध्यक्ष शिशुपाल सिंह तोमर ने वार्षिक लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया जो सर्वानुमति से पारित किया गया। अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा कर निर्णय लिए गए। सम्मेलन के दूसरे दिन प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में कामदगिरी पर्वत की परिक्रमा की तथा भगवान श्रीराम के साथ ही कामतानाथ स्वामी की प्रतिमा के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत कर पत्रकारों की समस्या हल करवाने में मदद की गुहार की। यहां यह उल्लेखनीय है कि भगवान श्रीराम ने वनवास काल में 11 वर्ष से अधिक समय तक कामदगिरी पर्वत पर निवास किया। जब वह लंका विजय कर वापस लौटे तब पर्वत ने प्रभु श्रीराम से कहा कि अब मेरा क्या होगा मैं अकेला रह जाऊंगा। तब भगवान श्रीराम ने आशीर्वाद दिया था कि जो भी तुम्हारे दर्शन करने आएगा उसकी मनोकामना पूरी होगी। तबसे पर्वत की परिक्रमा कर लोग पूजा करते है और उनकी मनोकामना पूरी होती है। ऐसा कहा जाता है कि श्रीराम जब श्री लंका से लौटे थे तब 33 करोड़ देवी-देवताओं ने इसी क्षेत्र में दीप प्रज्वलित कर प्रभु राम का स्वागत किया था। रैली में प्रदेश भर से आए प्रतिनिधि, पदाधिकारी शामिल हुए जिनमें वरिष्ठ मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष शरद जोशी, मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद अली, उपेन्द्र गौतम, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, सत्यनारायण वैष्णव, रामकृष्ण सिहल, कोषाध्यक्ष शिशुपालसिंह तोमर, अध्यक्ष मंडल के संयोजक राजकुमार दुबे, छानबीन समिति के संयोजक सरल भदौरिया, उपाध्यक्ष ऋषिकुमार शर्मा, दिनेश अग्रवाल, परसराम चौहान, प्रवीण मिश्रा, रामकिशोर अग्रवाल, सचिव मेहंदी हसन, अशोक नाहर सहित अन्य पदाधिकारीगण, रीवा संभाग ,शहडोल संभाग तीनों जिलों शहडोल उमरिया और अनूपपुर पदाधिकारी और सदस्य श्रमजीवी पत्रकार संघ के चित्रकूट में दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में शामिल हुए।

## अमरकंटक में पहली बार तीन-तीन मंत्रियों का मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहना बना बड़ी चर्चा का विषय

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

अनूपपुर। पहली बार मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान के अमरकंटक में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के तीन-तीन मंत्रियों का अनुपस्थित रहना बड़ी चर्चा का विषय बना हुआ है।मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री अमरकंटक में आयोजित आचार्य विद्यासागर जी के कार्यक्रम में सम्मिलित होने आए थे।प्रदेश के पशुपालन मंत्री प्रेम सिंह, अनूपपुर जिले की प्रभारी मंत्री मीना सिंह एवं मध्यप्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री बिसाहूलाल सिंह को शामिल होना था।लेकिन कार्यक्रम के 1 दिन पहले अचानक खाद्य मंत्री बिसाहूलाल सिंह का देर रात अमरकंटक एक्सप्रेस से भोपाल को रवाना होना चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया।पता चला है कि अमरकंटक में रहते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं जिला पंचायत सीईओ मंत्री बिसाहूलाल सिंह से मुलाकात करने अनूपपुर पहुंचे।लेकिन मंत्री जी ने उनकी बातों को नजरअंदाज किया।अमरकंटक एक्सप्रेस से भोपाल के लिए रवाना हो गए। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री के आगमन पर



भी तीनों मंत्रियों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बन गई। चुनावी वर्ष होने के बाद भी मुख्यमंत्री से मंत्रियों की दूरी लोगों की समझ से परे है।मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती नर्मदा मंदिर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान के साथ दिखी उसके बाद उनका भी पता नहीं चला। प्रदेश की राजनीति में ऐसा लगता है कि एक नया भूचाल आ चुका है।आने वाले दिनों में क्या नया गुल खिलता है इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई है।पूर्व में मंत्री बिसाहूलाल सिंह की नाराजगी पर तत्कालीन कलेक्टर अनूपपुर सोनिया मीणा का स्थानांतरण हो जाना।अमरकंटक कार्यक्रम में खाद्य मंत्री बिसाहूलाल सिंह की अचानक अनुपस्थिति अब क्या नया गुल खिलाती है इस पर सभी की निगाहें बनी हुई है। देखना है आने वाले समय में क्या राजनीतिक समीकरण जनता के पटल पर आते हैं। एक बार फिर चर्चा का बाजार फिर से गर्म हो चुका है।

कामदगिरी पर्वत की परिक्रमा के साथ ही मांग मंजूर करवाने के लिए भगवान से भी अनुरोध किया चित्रकूट में आयोजित दो दिवसीय अधिवेशन में विभिन्न प्रस्ताव पारित हुए अनूपपुर जिले से शामिल होंगे सैकड़ों पत्रकार।

## श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर प्राकट्य पर्व का हुआ आयोजन



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

शहडोल। श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एकाग्र एक दिवसीय प्राकट्य पर्व का आयोजन जिला मुख्यालय के पंचायती मंदिर में गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में बघेली गीतों में श्रीराम भक्ति गायन संध्या एवं मैहर बैण्ड की प्रस्तुति दी गई। 'प्राकट्य पर्व 'विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एकाग्र बघेली गीतों में श्रीराम, श्री मुनीन्द्र मिश्रा, भक्ति संध्या सुश्री इशिता विश्वकर्मा-मुम्बई एवं मैहर बैण्ड की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष, महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, विधायक जयसिंह नगर श्री जयसिंह मरावी, नगर पालिका अध्यक्ष शहडोल,श्री घनश्याम जायसवाल,नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री प्रवीण डोली सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब और कमजोर लोंगो के लिये बनी वरदान

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना मध्यप्रदेश के गरीब और कमजोर तबके के लोगो के लिये वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में हजारो दम्पतियों ने विवाह के पवित्र गठबंधन में बधकर सुखद दाम्पत्य जीवन जी रहे है और मध्यप्रदेश शासन की इस अभिनव और पवित्र योजना के प्रति आभार व्यक्त कर रहे है। शहडोल संभाग में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जहां कमजोर एवं गरीब तबके के युवा विवाह के पवित्र गठबंधन में बधकर सुखद दाम्पत्य जीवन जी रहे है। इसी कड़ी में आज शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के इनडोर स्टेडियम धनपुरी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 198 जोड़ो ने पवित्र वेद मंत्रों के साथ अग्नि के फेरे





इंडोर स्टेडियम धनपुरी में आयोजित सामूहिक विवाह में 198 जोड़े बधे परिणाय सूत्र में

लिये वहीं मुस्लिम समाज के 3 जोड़ो ने पवित्र कुरान की अयातों के साथ निकाह के पवित्र गठबंधन में बंधे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने ढोल धमाके के साथ बारात की अगवानी की एवं उत्साह व उमंग के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराने हेतु अपनी सहभागिता निभाई। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अवसर पर विधायक जयसिंह नगर श्री जय सिंह मरावी, विधायक जैतपुर श्रीमती मनीषा सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत बुरहार सुश्री उमा ध्रुवे, जिला पंचायत सदस्य रामवती सिंह, श्री जगन्नाथ शर्मा, उपाध्यक्ष जनपद हर्ष प्रताप सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका धनपुरी श्रीमती रविंद्रर कौर छाबड़ा, उपाध्यक्ष विक्रम वैभव, नगर पालिका बकहो की अध्यक्ष मौसमी केवट, उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री शिवेंद्र सिंह परिहार, तहसीलदार बुढार श्री दीपक पटेल,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री मुद्रिका सिंह शहीद श्री रवि कांत त्रिपाठी एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में वर-वधू के परिजन उपस्थित थे।

# उदयपुरा ब्लॉक से मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र शासन की योजनाओं का कर रहे हैं क्रियान्वयन एवं सहयोग।





मध्यप्रदेश शासन द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों की नियुक्ति अटल बिहारी वाजपई सुशासन संस्थान भोपाल के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक में 15 जनसेवा मित्रों की नियुक्ति की गई है, इनका कार्य मध्यप्रदेश शासन द्वारा लाई जा रही नवीनतम योजनाओं का क्रियान्वयन करना है वहीं दूसरी ओर उदयपुरा ब्लॉक से भी 15 मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों का चयन किया गया है और डोर टू डोर अपनी कार्यकुशलता से योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं। हाल ही में मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों का अहम रोल है पंचायत स्तर पर मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का क्रियान्वयन जन सेवा मित्र द्वारा किया गया मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की संपूर्ण जानकारी जनसेवा मित्र द्वारा दी गई। अब उदयपुरा ब्लॉक से संपूर्ण जन सेवा मित्र लाडली बहना योजना के फार्म ग्राम सचिव तथा अधिकारियों के साथ मिलकर भर रहे हैं, जनसेवा मित्रों द्वारा केवाईसी की जा रही हैं। जनसेवा मित्रों का संपूर्ण कार्य मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही संपूर्ण योजनाओं की जानकारी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाना ही है। उदयपुरा ब्लॉक से जनसेवा मित्रों में, हल्के वीर, मुकेश विश्वकर्मा, भगवत अहिरवार, ज्योति रघुवंशी, उपासना लोधी, जतिन लोधी, विकाश लोधी, राजेश लोधी, अभिषेक लोधी, शुभम शिल्पी, सारिका चौरसिया, सरिता लोधी, हरनाम सिंह रघुवंशी, लकी कुशवाहा।

# छात्रवृत्ति वितरण में अधिकारी जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएँ : डॉ. पल्लवी जैन गोविल

**भोपाल।** प्रमुख सचिव जनजातीय डॉ. पल्लवी जैन गोविल ने कहा है कि विभागीय सहायक आयुक्त एवं जिला संयोजक जनजातीय विद्यार्थियों के पालक की तरह होते हैं। उन्हें विद्यार्थियों की सभी जरूरतों का ध्यान रखना चाहिए। जनजातीय क्षेत्रों में पलायन के कारण विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित न हो इसके लिये विभाग इस वर्ष अपने छात्रावासों को ग्रीष्मकाल में भी ?विद्यार्थियों के लिए ?खुला रखेगा। डॉ. गोविल ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि छात्रवृत्ति वितरण में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए? और?यह तय करें कि ?कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। प्रमुख सचिव जनजातीय आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी में दो दिवसीय कार्यशाला को वर्चुअली संबोधित कर रही थी। कार्यशाला में जनजातीय बहुल जिलों के विभागीय अधिकारी और 95 सी.एम. राइज विद्यालयों के प्राचार्य शामिल हुए।

## सी.एम. राइज विद्यालय में हो सर्वांगीण शिक्षा : आयुक्त

आयुक्त जनजातीय कार्य श्री संजीव सिंह ने कहा कि सी.एम. राइज विद्यालय एक महत्वकांक्षी योजना है। इसमें विद्यार्थियों की सर्वांगीण शिक्षा को लेकर प्राचार्य गंभीरता से कार्य करें। इन विद्यालयों के विद्यार्थी जब यहाँ से पढ़ कर उच्च शिक्षा के लिए जाएँ तो शैक्षणिक रूप से किसी तरह से पीछे न रहें। उन्होंने सी.एम. राइज विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता और विभिन्न प्रशासकीय विषयों पर अधिकारियों को निर्देश और मार्गदर्शन दिया।

## जनजातीय विकास कार्यों में तेजी लाएँ : सुश्री सोनिया मीना

जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनाओं की निदेशक सुश्री सोनिया मीना ने जनजातीय बहुल जिलों की विभिन्न विकास योजनाओं और उनके वित्तीय पहलुओं पर अधिकारियों से चर्चा की।

# प्रत्येक बूथ पर स्थापना दिवस मनाएगी भाजपा सामाजिक न्याय सप्ताह की भी योजना बनी बचरापोंडी मंडल का हुआ सम्मान

**उमेश तिवारी**

बैकुंठपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया के जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला संगठन सह प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री भाजपा परमेश्वरी राजवाड़े, विधानसभा प्रभारी चिंटू राजपाल, पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े,जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, शैलेष शिवहरे, लक्ष्मण राजवाड़े, कमलेश यादव,राजेश सिंह महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू,जिला मंत्री बसन्त राय, रामकृष्ण शर्मा, नवरत्न पांडेय जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल सहित जिले के पदाधिकारी मंडलों के अध्यक्ष-महांमत्री, मोर्चों के जिलाध्यक्ष सहित प्रमुख कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन कर किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने संगठन कार्यों की चर्चा करते हुए 06 अप्रैल को स्थापना दिवस जिला स्तर, मंडल स्तर व बूथ स्तर पर मनाए जाने की योजना पर प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष का सम्बोधन बूथ तक के कार्यकर्ता सुनेंगे।इसके पश्चात बूथों पर स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसी दिन सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा दीवार लेखन का कार्य किया जाएगा। जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने सामाजिक न्याय सप्ताह को सफल बनाने के लिए प्रत्येक मोर्चा को जवाबदारी सौंपी। डॉ आंबेडकर जयंती को सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मनाया जाना है। जिला संगठन सह प्रभारी परमेश्वरी राजवाड़े ने कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया।साथ ही बूथ सशक्तीकरण अभियान की सफलता के लिए कोरिया जिले को बधाई दिया। विधानसभा प्रभारी चिंटू राजपाल द्वारा बूथ सशक्तीकरण अभियान की मंडल वार समीक्षा की। उन्होंने बचरापोंडी मंडल अध्यक्ष और उनकी टीम की प्रशंसा की। बूथ सशक्तिकरण अभियान को निर्धारित अवधि में शतप्रतिशत पूर्ण करने के लिए मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल साहू व पूरी टीम को सम्मानित किया गया। विधानसभा प्रभारी ने आगामी कार्यक्रमों को समय सीमा में पूर्ण करने का आग्रह किया। पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम से संगठन को यह स्थान मिला है।




आगे भी इसे बरकरार रखने के लिए हम सभी को निरंतर मेहनत करना होगा। पार्टी स्थापना दिवस के संभाग प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने स्थापना दिवस सहित भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला तथा नमो एप का उपयोग करने की बात कही। जिला महामंत्री एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम के जिला प्रभारी विनोद साहू ने जिले में होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की तथा बूथ सशक्तीकरण के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने किया।आभार प्रदर्शन जिला मंत्री बसंत राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह, जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े, सुनीता कुर्रे, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश्वर रजक, महामंत्री राजेन्द्र चक्रधारी, शिवचरण साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े,, जिला महामंत्री संगीता गुप्ता, मंजू जीवनानी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री शारदा गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेन्द्र राजवाड़े, जिला मंत्री हितेश सिंह, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिल साहू, महामंत्री राकेश यादव, विष्णु साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद पासवान, महामंत्री धर्मपाल, महेंद्र कुर्रे, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामप्रताप मराबी, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अरशद खान, महामंत्री अशरफ खान, मंडल अध्यक्ष कुबेर साहू, महामंत्री हर्षल गुप्ता, सुदीप सोनी, अध्यक्ष अरुण जायसवाल, महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह, मुन्ना राम चक्रधारी,मंडल अध्यक्ष प्यारे साहू, महामंत्री जगनारायण साहू, अमलू सिरदार, मंडल अध्यक्ष गोपाल राजवाड़े, महामंत्री रामशंकर सिंह, रामसुंदर राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र साहू, महामंत्री विमलचंद चेरवा, संजय चिकंजूरी, मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल, महामंत्री श्रीराम राजवाड़े, रामलखन यादव, सुभाष जायसवाल, मनोज साहू, रोशन राजवाड़े, उमाशंकर राजवाड़े, रवि त्रिपाठी, लव रवि, संतोष राजवाड़े सहित भारी कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हिरवार सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का लोकार्पण किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों की खुशहाली सरकार की प्राथमिकता है। किसानों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाये गये हैं। प्रदेश में सिंचाई के रकबे को बढ़ाने के लिए अनेक परियोजनाएँ संचालित एवं निर्माणाधीन है। ऊँचे स्थानों तक सिंचाई के लिए पाइपलाइन डाल कर किसान के खेत तक पानी पहुँचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहडोल जिले कि हिरवार सूक्ष्म सिंचाई परियोजना से 37 ग्रामों में किसानों की 7481 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा, जिससे किसानों की जिन्दगी बदलेगी और उनके खेत लहलहा उठेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज शहडोल जिले के ग्राम बहेरिया में 116 करोड़ 78 लाख रूपये लागत की सिंचाई परियोजना का लोकार्पण कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हितग्राही किसान श्री बलराम यादव से वीडियो कॉन्फ्रेंस कर



चर्चा भी की। किसान ने कहा कि सिंचाई सुविधा मिलने से इस क्षेत्र के किसानों के जीवन में खुशहाली आयेगी। मेरी भी ढाई एकड़ जमीन सिंचित होगी। उन्होंने खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। किसानों के खेत तक पानी पहुँचाने के लिये बड़े पैमाने पर कार्य हो रहा है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने फसल ऋण माफी का झूठा वादा कर किसानों को कर्जदार बना दिया था। हमारी सरकार ऐसे सभी किसानों के कर्ज का ब्याज भरेगी, जिससे वे शासन की योजनाओं का लाभ फिर से ले सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली बहना योजना की जिक्र करते हुए महिलाओं से आवेदन संबंधी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हर गाँव और वार्ड में योजना के शिविर लगाये जा रहे हैं। सभी पात्र बहनों को जून माह से योजना की 1000 रूपये की राशि मिलना शुरू हो जायेगी। मुख्यमंत्री ने योजना के प्रावधान और आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी। जिले के प्रभारी मंत्री श्री राम खेलावन पटेल, विधायक श्री शरद जुगलाल, जन-प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# ग्राम पंचायत मारकेल में शासन के मापदंडों व नियम कानून को दरकिनार कर स्कूली बाउंड्री वाल के अंदर बनाया जा रहा है व्यवसायिक परिसर

**लक्ष्मण पिल्लई**

हाई सेकेंडरी स्कूल मिडिल स्कूल व प्राइमरी स्कूल होती है संचालित यहाँ से भी अनापत्ति प्रमाणपत्र नही लिया गया है और न ही प्रधानाध्यापक को ग्राम सभा मे बुलाया गया। जिला मुख्यालय से 13 किलोमीटर में नगरनार स्टील प्लांट प्रभावित ग्रामपंचायत मारकेल है ,जहां पर 12 एकड़ 72 डिसमिल के लगभग रकबा स्कूल के लिए संरक्षित है, जिसमें हायर सेकेंडरी, मिडिल व प्राइमरी स्कूल वर्षों से संचालित होती है। इन दिनों ग्राम पंचायत मारकेल के सरपंच सचिव की विवेकहीनता की वजह से शासन के मापदंडों से परे होकर मात्र ग्राम सभा प्रस्ताव आनन-फानन में पास कर 1700000 रुपए का व्यवसायिक परिसर बनाने की स्वीकृति करा ली गयी है,और निर्माण कार्य जोरों से जारी है। जबकि शासन प्रशासन को गुमराह करके अनेकों कमियों के साथ बिना अनुमति दस्तावेजों के स्कूल बाउंड्री वॉल के अंदर कॉन्प्लेक्स का निर्माण कार्य किया जाकर। अपने ही ग्राम सभा प्रस्ताव का दुरुपयोग कर स्कूल प्रांगण में व्यवसायिक परिसर कॉन्प्लेक्स बनाना पंचायत अधिनियम के विरुद्ध प्रतीत होता है। चुंकि स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए मानसिक व शारीरिक व्यायाम वह स्कूल में होने वाले कार्यक्रमों वह अन्य आयोजनों के लिए पर्याप्त रकबा हुआ करता था। परंतु पंचायत के द्वारा अवैध अतिक्रमण अनियमितता पूर्वक किए जाने एवं ग्राम के कुछ आसामाजिक लोग अपने धौंस से आकोपाइ कर जमीन अधिग्रहण कर लिया गया जिसकी वजह से स्कूल रकबा की भूमि अल्प होती जा रही है तथा भविष्य में स्कूल प्रांगण भी सिमट कर रह जाएगा। ज्ञात हो कि स्कूल बाउंड्री के अंदर सुरक्षा की दृष्टि से शासन के द्वारा वर्षा मापक यंत्र लगाया गया है, किंतु पंचायत के द्वारा उसी जगह स्कूल के बाउंड्री के अंदर ही बिना राजस्व डिमारकेशन के ही इंजीनियर से लेआउट करवाकर धड़ल्ले से काम चालू करा दिया, गया है, तथा शिक्षा विभाग से भी कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है किंतु शासकीय भूमि बताकर 1700000 रुपए की स्वीकृति भी कर जोरों से निर्माण कार्य किया जा रहा है। जबकि शासन के मापदंड को नियमों के विरुद्ध जाकर पंचायत अपने फायदे के लिए स्कूली बाउंड्री वॉल के अन्दर अतिक्रमण कर भवन निर्माण कराना शासन के पैसों की बंदरबांट हो सकती है ।शासन-प्रशासन की आंख में धूल झोंक कर शैक्षणिक संस्थाओं में भी अब अतिक्रमण कर पंचायत के अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए मनमानी ढंग से प्रस्ताव पारित किया जाता है। तथा शासन के देखरेख में राशि का दुरुपयोग हो रहा है।

- वर्षा मापी यंत्र के ऊपर बनाया जा रहा है भारी कांपलेक्स..
- शिक्षा विभाग से नहीं ली गई है कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र..



जबकि ग्राम पंचायत मारकेल स्वयं कार्य एजेंसी के रूप में कार्य करती है , परन्तु शासन की गाइडलाइन को दरकिनार कर अनेकों ऐसे कार्य किए जा रहे हैं जो असंवैधानिक है। शैक्षणिक संस्थाओं में अतिक्रमण गंभीर विषय है उक्त विषय पर प्रशासन को संज्ञान में लेकर जांच करवा कर तत्काल निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाना चाहिए, जिससे अतिक्रमणकारियों के सात सात अन्य भू माफियाओं को भी सबक मिले। तथा ऐसे मामलों में शासन शासन प्रशासन के द्वारा जांच भी आवश्यक है और दोषियों पर कार्यवाई की जाए ताकि भविष्य में शाला परिसर सुरक्षित रह सके और शासन की योजनानुसार ही कार्य बने।

**थाना तलेन पुलिस टीम की कार्यवाही**

## 03 साल पुराने प्रकरण मे फरार 02 स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार




**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा वारंटियो की धरपकड हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद के कुशल निर्देशन एवं एसडीओपी सारंगपुर सुश्री जोइसदास के मार्गदर्शन मे थाना तलेन की पुलिस टीम द्वारा 02 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है । इसी तारतम्य में दिनांक 03.04.23 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की माननीय न्यायालय सारंगपुर द्वारा थाना तलेन के अप.क्र. 222/20 प्रकरण क्र. 1262/20 धारा 294, 323, 325, 506, 34 भादवि मे जारी 02 स्थाई वारंटी 1. तेजमल पारदी निवासी ग्राम बावडीखेडा थाना तलेन, 2. संगराज पारदी निवासी ग्राम बावडीखेडा शासकीय उत्कृष्ट स्कूल तलेन के पास डेरा में खड़े हैं। थाना प्रभारी तलेन द्वारा उक्त स्थाई वारंटीओं की गिरफ्तारी हेतु तत्काल एक टीम बनाकर रवाना किया गया। टीम द्वारा उक्त स्थाई वारंटीयों शासकीय उत्कृष्ट स्कूल तलेन के पास डेरे से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा वारंटियों को माननीय न्यायालय सारंगपुर पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उनि उमाशंकर मुकाती, प्रआर. 408 प्रदीप शर्मा , आर. 119 राहुल कारपेन्टर, आर.991 गोविन्द, आर. 885 अनिल, आर. 1055 राजेन्द्र व आर. 720 भानू का सराहनीय योगदान रहा है।

**राजगढ़ पुलिस की अवैध कच्ची शराब बेचने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी**

## कुरावर पुलिस टीम ने मौके पर मिली एक टाटा 407 से 156.500 लीटर अवैध बियर शराब कुल कीमती 38500/-रूपये की जप्त की गई

**मुकेश अहिरवार**




राजगढ़। जिले मे अबैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधीक्षक श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद मार्गदर्शन में लगातार कार्यवाही की जा रही। अबैध शराब के कारोबार पर नकेल करने के थाना नरसिंहगढ़ एसडीओपी श्री उपेन्द्र भाटी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी श्री आर एस शक्तावत के नेतृत्व मे टीम गठित कर अबैध शराब माफियाओं के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है की टीम को दिनांक 01.04.23 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की एक गाड़ी टाटा 407 तिंदोनिया जोड़ के पास पलटी है जिसमें शराब है लोगों की भीड़ लगी उक्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी द्वारा तुरंत टीम को मुखबिर द्वारा बताई जगह पर रवाना किया गया मुखबिर द्वारा बताए गए पते ग्राम तिंदोनिया जोड़ पहुंचे जहां एक टाटा 407 लोडिंग पिकअप पलटी थी पब्लिक खड़ी थी जो पुलिस को देख कर चली गई लोडिंग वाहन के ड्राइवर साइड के पीछे की स्टेफनी दूर पड़ी थी गाड़ी के पीछे नंबर प्लेट नहीं थी तथा आगे नंबर प्लेट पर पेंट से एमपी 09 लिखा था बांकी मिटा था तथा लोडिंग वाहन में कुछ अंदर कुछ बाहर रोड पर सोम डिस्टलरीज के लाल रंग के पावर 1000 टीन व लेमोंट माउंट वियरेस्ट ए बी रोड इंदौर की नीली टीन 5009500द्वद्य के पड़ी थी जिसमें कुछ सबूत कुछ फूटे खाली पड़े थे उक्त शराब सोम डिस्टलरीज मंडीदीप के लाल रंग के पावर 1000 बियर 5009500 एम एल के 108 नग 50 लीटर एवं लेमोंट माउंट वियरेस्ट एबी रोड इंदौर की नीले रंग की 5009500द्वद्य के 213 नग टीन 106.500 लीटर कुल 156.500 लीटर कीमती ?38500 का मिला जिसे बुलाए गए खाली कार्टून में रखा गया। बाद पंचांग के समक्ष उक्त वाहन टाटा 407 पिकअप के अवैध रूप से टाटा 407 में आरोपी अज्ञात वाहन मालिक व चालक का अवैध रूप से बीयर का परिवहन करना पाया गया कि आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 34(2)आबकारी अधिनियम का पाए जाने से बियर टाटा 407 पिकअप कुल 5,38,500 रुपए का समक्ष गवाह है विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। जुर्म धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाहि में थाना प्रभारी कुरावर निरीक्षक आर एस शक्तावत, उनि बब्बन ठाकुर,प्रधान आर 478 वीरेंद्र कुमार मौर्य,प्रधान आर 522 मांगीलाल, आर. 215 मुकेश, आर 376 प्रताप सिंह की अहम भूमिका रही।





## करुणा बौद्ध विहार झाडला में बौद्ध अनुयायियों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया

**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़। करुणा बुद्ध विहार झाड़ला मै 23 वा वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा बताया गया है कि आज के युग में युद्ध नहीं बुद्ध की आवश्यकता है अहिंसा के मार्ग पर चलकर दुनिया को जीता जा सकता है सभा में उपस्थित सैकड़ों बौद्ध अनुयायियों को बताया शिक्षा मनुष्य का सर्वांगीण विकास करती है इसलिए हमें अपने बच्चों को शिक्षा से जुड़े रखना चाहिए ताकि वह अपना विकास एवं अपने राष्ट का विकास कर सके इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा नृत्य भाषण एवं भीम गायन गाए गए एवं संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में आगामी कार्यक्रम की योजनाओं की रूपरेखा आयोजित की गई और कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजनीय भंते संघ रतन मेतरे ग्वालियर संगठन मंत्री मध्य प्रदेश ऑल इंडिया भिक्षु संघ जिसमें मुख्य अतिथि बी एच गायकवाड़ गुरूजी विशेष अतिथि माननीय उत्तम प्रधान साहब प्रदेश महामंत्री दक्षिण मध्य प्रदेश मान्यवर बी सी सहारे साहब प्रदेश कोषाध्यक्ष दक्षिण माननीय शांताराम बाग *साहब संरक्षण विभाग उपाध्यक्ष दक्षिण मध्य प्रदेश माननीय शुभम राय सहारे साहब जिला अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा इंदौर कार्यक्रम का संचालन अमृतलाल दुगारिया जी ने किया आभार करुणा बुध विहार समिति के द्वारा आयोजित किया गया।





## कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग के बस्तर जिलाध्यक्ष विक्रम लहरे ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सहित नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग मंत्री को आभार व्यक्त किया

**बस्तर।** पिछले 4 वर्षो से छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की कांग्रेस कि सरकार निरंतर हर वर्ग को लाभ देने के लिए अनेकों कार्य किया है गांव-गाँव,शहर-शहर में खुशहाली का माहौल छाया हुआ है वैसे आज हमारे छत्तीसगढ़ के केबिनेट मंत्री नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग मंत्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया जी ने ना केवल समाज के लिए नहीं ब्लकि सभी वर्गो के भलाई का कार्य किया है और हमारे बस्तर जिला के अन्तर्गत जगदलपुर शहर के नई दुनिया के वरिष्ठ पत्रकार रितेश पांडे जी को एक लाख रुपये का आर्थिक सहायता देकर अब पत्रकारों का भी मान बढ़ाया है जिसमें हमारे अनुसूचित जाति कांग्रेस प्रकोष्ठ कि समस्त पदाधिकारीयों कि ओर से माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एवं नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग मंत्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया जी को मैं विक्रम लहरे अनुसूचित जाति कांग्रेस प्रकोष्ठ बस्तर जिलाध्यक्ष होने के नाते दिल से उनको आभार व्यक्त करता हू और रितेश पांडे जी को भी उज्जवल भविष्य होने का कामना करता हू।



माचलपुर पुलिस टीम की बड़ी कार्यवाही: अवैध शराब का परिवहन करने वाले 01 आरोपी, अवैध शराब सहित माचलपुर पुलिस की गिरफ्त में

# आरोपी के कब्जे से कुल 93 पेटियां (कुल 803 लीटर) शराब एवं एक बोलेरो पिकप वाहन कुल कीमती 12 लाख, 36 हजार से अधिक रुपये का मशरूका किया जप्त

**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़। नवागत पुलिस अधीक्षक राजगढ़ श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह (भा.पु.से.) द्वारा अवैध मादक पदार्थों/अबैध शराब में संलिप्त व्यक्तियों के विरुध्द सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ श्री मनकामना प्रसाद के निर्देशन में व एसडीओपी खिलचीपुर श्री आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माचलपुर उनि.जितेंद्र अजनारे द्वारा नवागत पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के द्वारा कुशल निर्देशन मे चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध शराब परिवहन सबंधी अपराध एवं अपराधी को पकडने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 30.03.2023 को सउनि हुकुमसिंह कांकरवाल को राजस्थान तरफ से एक सफेद कलर की बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक स्क्क42 त्त 1945 में शराब आने की मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई उक्त सूचना की तस्दीक में रावण वडली जीरापुर रोड़ माचलपुर पर पहूंचे तो थोड़ी देर बाद गोघटपुर तरफ से एक सफेद रंग की बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक स्क्क 42 त्त 1945 की आती हुई दिखी जिसे बैरीकेटस लगाकर व हाथ देकर रोका तो उक्त बोलेरो पिकअप वाहन के चालक ने पिकअप वाहन को बैरीकेटस में टक्कर मारकर तेजी से भगाकर जीरापुर तरफ ले गया जिसको थाना जीरापुर एवं थाना




माचलपुर के हमराह फोर्स की मदद से पीछा किया हमराफ फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकडा गया, बाद उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उक्त व्याक्ति ने अपना नाम राधेश्याम



दांगी उम्र 35 साल, निवासी ग्राम रनारा, थाना छापीहेड़ा, जिला राजगढ़ का होना बताया। उक्त व्यक्ति से बोलेरो पिकअप वाहन में भरे हूये सामान के बारे मे पूछा तो कभी कुछ कभी कुछ बताने लगा ओर गिड गिडाते हूये बोला उसमें अवैध शराब भरी हुई है उक्त व्यक्ति से शराब रखने व परिवहन करने के संबंध मे लाईसेंस आदि होना नही बताया उक्त व्यक्ति को हिरासत मे लेकर उक्त पिकअप वाहन मे रखी अवैध शराब की पेटीयां को हमराह स्टाफ की मदद से बाहर निकाल कर पृथक पृथक शराब के कार्टूनो की गिनती की गयी तो उक्त पुष्टै की पेटीयो को नीचे उतारकर खोलकर देखा तो 16 ब्लैक जैगुआर ङ्गङ्गङ्ग रम की कुल 768 क्वार्टर, 60 पेटी रायल क्लासिक विस्की, सफेद रंग की 07 पेटी रायल क्लासिक विस्की व 10 पेटी अंजता नीबू सादा देशी शराब की शराब की कुल मात्रा 803.520 लीटर 4,36,800 रूपये तथा शराब को अवैध रुप से परिवहन करने वाले बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक स्क्क 42 त्त 1945 कीमती 8,00,000 रुपये कुल मसरूका 12,36,800 रुपये का होना पाया गया, उक्त आरोपी राधेश्याम दांगी उम्र 35 साल निवासी ग्राम रनारा, थाना छापीहेडा के विरूध्द थाना माचलपुर पर अपराध क्रमांक 92/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट एवं 132/177 मो.व्ही.एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी माचलपुर उप निरी. जितेन्द्र अजनारे, थाना प्रभारी जीरापुर उनि मुकेश गौड़, उनि मंगल सिंह राठौर थाना जीरापुर, सउनि हुकुमसिंह कांकरवाल, सउनि राधेश्याम ठाकुर, आर.728 नरेन्द्र सिंह झाला, आर.766 रविन्द्र जाट, आर.900 विष्णु जाट, आर.804 रविकांत, आर.30 अब्दुल इंसाफ, आर.330 नीरज रघुवंशी, आर.1034 दिलीप गुर्जर, आर.670 मिथुन जाट, आर.716 रवि थाना जीरापुर, आर.1030 सुनील थाना जीरापुर, आर.1012 दिलीप थाना जीरापुर, आर.1057 अरूण थाना जीरापुर, एफआरवी 100 डायल चालक लखन सौंधिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर टेकरी वाले हनुमान मंदिर में होगा तीन दिवसीय वृहद आयोजन

**लक्ष्मण पिल्लई**

जगदलपुर। शहर में रामनवमी के सुखद समापन के पश्चात संकटमोचक माने जाने भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव को लेकर हनुमान मंदिरों में व्यापक तैयारियां की जा रही है इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव 6 अप्रैल बुधवार को बनाया जाना है आयोजन की इसी कड़ी में शहर के टेकरी वाले हनुमान जी के मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय वृहद आयोजन किया जा रहा है आयोजन के संबंध में मंदिर के प्रधान पुरोहित पंडित नारायण प्रसाद जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दिवस 6 अप्रैल चैत्र पूर्णिमा दिन बुधवार से लेकर 8 अप्रैल तक लगातार तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें पहले दिन 6 अप्रैल को प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में विभिन्न तीर्थों के जल से हनुमान जी का स्नान और अभिषेक उपरांत पूजन आरती किया जाएगा तत्पश्चात हनुमान चालीसा हनुमान अष्टक पाठ के साथ बजरंगबली के मंत्रों का उच्चारण करते हुए प्रातः 9-00 बजे बमलेश्वरी से आए हुए रामायण मंडली के द्वारा अखंड रामायण का पाठ मंडली के अध्यक्ष श्री भोगी महाराज तथा भक्तों द्वारा अगले दिन सुबह 11-00 बजे तक किया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भक्तों के द्वारा रात्रि के समय 11,000 दीपक श्री बजरंगबली को अर्पण किया जाएगा आगे पंडित जी ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 अप्रैल शुक्रवार को अखंड रामायण पाठ के 11-00 बजे समापन पश्चात हवन और भक्तजनों के लिए महा भंडारा का आयोजन किया जाना है उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि 8 अप्रैल दिन शनिवार को प्रातःकाल हनुमान जी को




चोला अर्पण करने के उपरांत पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रसाद वितरण किया जाएगा साथ ही संध्याकाल में सुंदरकांड का पाठ सुंदरकांड रामायण मंडली के श्री इंद्रनील यदु श्री भूपेंद्र यादव एवं अन्य सदस्यों द्वारा करते हुए पूजन आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा मंदिर के प्रधान पुरोहित नारायण प्रसाद जोशी ने शहरवासियों तथा भक्त जनों से कहा है कि श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति देते हुए पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## 14 अप्रैल डॉँ अंबेडकर जयंती की तैयारियां हेतु आज बैठक में लिए गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

**ग्वालियर।** डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह समन्वय समिति की बैठक आज पूर्व निर्धारित समय पर डॉक्टर अंबेडकर पार्क फूलबाग ग्वालियर में आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल 2023 धूमधाम से मनाई जाएगी सभी लोग उस दिन त्यौहार की भाँति नए कपड़े पहने और तथा अपने अपने घरों में मिष्ठान और पकवान बनाए जाएं जिस प्रकार हम दिवाली व अन्य त्योहार मनाते हैं उसी प्रकार डॉक्टर अंबेडकर की जयंती को मनाएं और एक दूसरे को बधाई दें इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से बाबा साहब की प्रतिमा स्थल अंबेडकर पार्क पर विभिन्न समितियों ,संगठनों के द्वारा ग्वालियर मुरार लश्कर गोलपहाडिया गुडा गुडी नाका आनंदनगर आदि क्षेत्रों से रैलिया निकाली जाती है सभी रैलियां अंबेडकर पार्क फूलबाग में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करती हैं इसलिए डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह समन्वय समिति ने निर्णय लिया है कि पानी और स्वल्पाहार की व्यवस्था प्रसादी वितरण के रुप की जाएगी।तथा शहर के विभिन्न मार्गों चौराहा पर बाबा साहब की जयंती के कटआउट हार्डिंग, बैनर एवं स्वागत द्वार लगाए जाएं । इस पर भी विचार किया गया कि विभिन्न क्षेत्रों से जो रैलियां आती है उन रैलियों के प्रमुख दो पदाधिकारियों को सम्मान स्वरूप शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा अंबेडकर पार्क फूलवाग में किसी भी प्रकार के टेंट अथवा स्टॉल न लगाते हुए अंबेडकर पार्क के सामने वाले रोड पर जो पड़ाव से होकर गुरुद्वारे तक जाता है उसको बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल



के दिन फूलवाग चौराहे से जल विहार के रास्ते डायवर्ट किया जाए इस पर किसी प्रकार का यातायात चालू न रखा जाए केवल रैलियों के लिए पार्क के सामने वाला रोड चालू रखा जाए ऐसी प्रशासन से मांग की जाएगी साथ ही जिला गवालियर में जितने भी अंबेडकर पार्क हैं और बाबा साहब की प्रतिमा लगी है उनकी साफ-सफाई और रंगाई पुताई तथा प्रकाश रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए । जिस पर सभी ने अपनी सहमति व्यक्त की । बैठक में सर्वश्री डॉ जवर सिंह अग्र नरेंद्र चौधरी ,लक्ष्मीनारायण जाटव एन डी मौर्य ,राजेंद्र पक्षवार जयंतीलाल जाटव ,केवी दौहरे सतीश कदम, रमन कुमार अंब विनोद कांत, आशीष रायपुरिया रामरतन जाटव ,तरुण राजोरिया सोनू दादोरिया, गुलाब घारोन और रामअवतार राजोरिया फूलसिंह बमरौलिया, संदीप सोलंकी ,संतोष राजौरिया ,सुशील मण्डेलिया, राजेश बिछोलिया,पूरन सूर्यवंशी मंगल सिंह, भारत वारसी, महेश दत्त पवैया , राजवीर सिंह मौर्य मुरैना एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संपत्तिकर और जलकर पर माकपा के तेवर कड़े, कहा : माफ करे या 13 को घेराव झेले निगम

**कोरबा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने जनहित के मुद्दों पर, विशेषकर संपत्ति कर और जल कर के सवाल पर, अपने तेवर कड़े कर लिए हैं। निगम के बजट सत्र से माकपा पार्षद राजकुमारी कंवर के वाक आउट के बाद यह मुद्दा गर्मा गया है। आज माकपा जिला सचिव प्रशांत झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कोरबा महापौर राजकिशोर प्रसाद को ज्ञापन सौंपकर गरीब किसानों और भू विस्थापितों का संपत्ति कर और जल कर माफ करने की पुनः मांग की है तथा 13 अप्रैल को निगम घेराव की चेतावनी भी दे दी है।

ज्ञापन सौंपने वालों में किसान सभा के जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर, माकपा पार्षद राजकुमारी कंवर सहित देव कुंवर, दामोदर श्याम, रेशम यादव, जय कौशिक, सुरेंद्र सिंह कंवर एवं अन्य शामिल थे। उल्लेखनीय है कि निगम सरकार के लिए माकपा का समर्थन पाने के लिए कांग्रेस ने कर माफी के मुद्दों सहित बांकी मोंगरा जोन के पिछड़ेपन को दूर करने का सार्वजनिक रूप से वायदा किया था। इसकी सार्वजनिक घोषणा भी राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने एक पत्रकार वार्ता में की थी, लेकिन महापौर इस वादे पर अमल नहीं कर पाए। इसके साथ ही माकपा ने स्पष्ट कहा था कि निगम क्षेत्र में आउट सोर्सिंग और निजीकरण के प्रस्तावों का पार्टी समर्थन नहीं करेगी। माकपा जिला सचिव प्रशांत झा का कहना है कि नगर निगम द्वारा गरीबों किसानों, भू-विस्थापितों एवं करोना काल के पीड़ितों को संपत्ति और जल कर का नोटिस देकर घर कुर्क करने की कार्यवाही की जा रही है, जिसका मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी विरोध करती है। उन्होंने कहा कि निगम गठन के बाद बांकी मोंगरा के विकास की उपेक्षा की गई है। इसके कारण सर्वमंगला सहित अन्य जोन में पानी, बिजली, सड़क, स्ट्रीट लाईट, नाली साफ सफाई



आदि मूलभूत सुविधाओं से नागरिक वंचित हैं। इस क्षेत्र में अभी भी ग्रामीण परिवेश में ही बड़ी संख्या में आदिवासी, दलित, पिछड़ा समुदाय के किसान खेती-किसानी व मजदूरी से अपना जीवन यापन करते आ रहे हैं। माकपा नेता ने कहा कि विस्थापितों के जमीन अधिग्रहण के बाद ही कोरबा जिले का विकास संभव हुआ है और अब उनकी बची हुई संपत्ति को भी कुर्क करने के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है,जिसका जवाब निगम घेराव में जनता द्वारा दिया जायेगा। किसान सभा के जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर ने कहा कि जब गरीबों को बेहतर जिंदगी जीने के लिए सरकार चावल मुफ्त में दे सकती है तो जिंदा रहने के लिए पानी क्यों नहीं? माकपा ने कहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली निगम सरकार को गरीबों और भू-विस्थापितों की चिंता नहीं है, तो माकपा भी कांग्रेस की निगम सरकार को टिकाए रखने की चिंता नहीं करेगी। महापौर अगर गरीबों के पक्ष में अपने बजट पर पुनर्विचार नहीं करेंगे, तो जनता का जनसैलाब 13 अप्रैल को निगम के सामने दिखेगा। निगम घेराव को सफल करने के लिए माकपा ने 6 अप्रैल से जन अभियान चलाने का भी निर्णय लिया है, ताकि जनहित के मुद्दों पर व्यापक जन लामबंदी की जा सकती है।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान से मिले ग्राम रोजगार सहायक

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ग्राम रोजगार सहायकों की कार्य समस्याओं का परीक्षण कर उनके हित में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इन्हें मिल रहे मानदेय में वृद्धि के लिए विचारोपरांत ऐसा निर्णय लिया जाएगा, जिससे इनकी जीवन नैया आसानी से चले। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज समत्व भवन के सभाकक्ष में नरसिंहपुर जिले से संकल्प यात्रा कर राजधानी पहुँचे ग्राम रोजगार सहायकों (जीआरएस) को संबोधित कर रहे थे। विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत रोजगार सहायकों ने बताया कि वे मुख्यमंत्री श्री चौहान से भेंट करने के लिए पंक्तिबद्ध होकर शालीनतापूर्वक न सिर्फ पैदल चलकर आए हैं, बल्कि प्रदेश में संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार का कार्य करने के ?लिए योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी देने वाली तख्तियाँ भी साथ लेकर चले। इसके लिए उन्होंने विधिवत अवकाश भी लिया है। रोजगार सहायकों का उद्देश्य मुख्यमंत्री श्री चौहान की पहल पर लागू उपयोगी जनहितकारी योजनाओं और राज्य शासन के अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों की बात आमजन तक पहुँचाना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरे संज्ञान में जब यह बात आयी कि नरसिंहपुर जिले से रोजगार सहायक पदयात्रा करते हुए भोपाल पहुँच रहे हैं, तो सहर्ष भेंट और चर्चा के लिए समय निर्धारित किया।

# शासकीय हाईस्कूल खटपुरा में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

पत्रकार बीआर अहिरवार

शाहगंज(खटपुरा)।। शासकीय हाई स्कूल खटपूरा में वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान एवं संस्था प्रभारी रहे श्री सुरेश कुमार मेहर जी का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह एवं सम्मान में संकुल प्रभारी एवं संकुल के अंतर्गत आने वाली शाला के शिक्षक भी मौजूद रहे हैं। वरिष्ठ शिक्षकों एवं संस्था प्रभारी द्वारा विदाई सम्मान किया गया कार्यक्रम में संस्था प्रभारी जी एस प्रजापति एवं शाला के समस्त स्टॉप द्वारा वरिष्ठ रिटायर शिक्षक श्री कमल प्रसाद दुबे जी, श्री रमेश पण्डित जी, श्री भैयालाल भार्गव जी, श्री जगदीश प्रसाद सैनी जी, श्री रामगोपाल भार्गव जी, श्री जगदीश गौर जी, श्री छब्रूलाल गौर जी, श्री शैलेंद्र श्रीवास्तव जी, श्री गणेश राम भार्गव जी,एवं एवं श्री सुरेश कुमार मेहर जी का सम्मान किया गया। एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विनय भार्गव (हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि) द्वारा वरिष्ठ शिक्षक एवं तत्कालीन संस्था प्रभारी श्री सुरेश कुमार मेहर जी को सेवा निवृति होने पर भेंट एवं विदाई सम्मानपूर्वक दी गई। उपसरपंच श्री सरदार सिंह द्वारा स्वागत में कहा गया कि श्री सुरेश जी का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा एवं उनके कार्यकाल में संस्था में जो शिक्षा दी गई वो आज भी ग्राम पंचायत के लोगो को याद आती है। स्कूल के छात्रों का भी मन बहुत उदास था क्योंकि मेहर सर ने यहाँ अपनी सम्पूर्ण नोकरी की है ओर उनके सेवा निवृति होने स्कूल के बच्चे में उदासी छाई हुई थी।



**संस्था द्वारा प्रभारी एवं संस्था शिक्षकों द्वारा विदाई भेंट दी गई:** शासकीय हाईस्कूल खटपुरा के वर्तमान संस्था प्रभारी श्री जी. एस. प्रजापति एवं वरिष्ठ शिक्षक श्री गिरजाशंकर पांडे, श्री महेश पालीवाल एवं पूर्व संस्था प्रभारी रहे शेरसिंह बेलदार सर(पूर्व संस्था प्रभारी, वर्तमान में सीएम राइस स्कूल शाहगंज) ,श्री योगेश हनवंत, श्री रामभरोस वर्मा, मार्गेद्र गौर(पूर्व शाला शिक्षक वर्तमान में हाईस्कूल मछवाई शिक्षक), श्रीमती कृति अहिरवार, श्रीमती सिद्धिका मेम,श्रीमती ज्योति अहिरवार, श्रीमती सोनल शर्मा , कु. नाजमीन फातिमा, श्री अरविंद अहिरवार द्वारा भेंटदी गई एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। एवं शिक्षक श्री सुरेश कुमार जी ने भी संस्था के सभी शिक्षकों को अपनी ओर से गिफ्ट दिए।



## न्यूज ब्रीफ

### बस में सफर के दौरान और हॉस्पिटल परिसर से मोबाइल चोरी

भोपाल। गोविंदपुरा इलाके में जहॉं बस में सफर के दौरान बदमाशो ने एक युवक का मोबाइल चोरी कर लिया, वहीं कोलार इलाके में एक हॉस्पिटल परिसर से भी मोबाइल चोरी होने की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार रानी कमलापति स्टेशन के पास से फरियादी शुभम दुबे का मोबाइल फोन अज्ञात बदमाशों ने बस में सफर के दौरान चोरी कर लिया। घटना बीते महीने 16 मार्च की है, पुलिस ने शिकायत कि जांच के बाद में अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। वहीं कोलार इलाके में स्थित जेके अस्पताल परिसर से चोरों ने बुधवार शाम को एक मरीज की अटेंडर प्रतिभा सोकीन का बैग में रखा दस हजार कीमत का मोबाइल फोन उड़ा दिया। इस मामले में भी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की पहचान के लिए अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

### थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से युवक कि दर्दनाक मौत

भोपाल। नजीराबाद थाना इलाके में गेहुं निकालते समय थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से युवक कि दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रायपुरा, थाना लटेरी जिला विदिशा का रहने वाला 20 वर्षीय रामभरोसा उर्फ रामभरोस भील पिता सुरेश भील मेहनत मजदूरी करता था। इन दिनो वह गांव के ही एक किसान महेंद्र सिंह सौलंकी के खेत में गल्ला कटाई का काम कर रहा था। बीती रात करीब दस बजे राम भरोसे अपने एक साथी के साथ थ्रेशर मशीन में गेंहू के गड्डों की कटाई कर रहे थे। उसी दौरान तभी राम भरोसे मशीन की चपेट में आ गया। हादसे में उसका हाथ, गला और सीना पेट बुरी तरह से कट गए। जब तक अन्य साथियो ने मशीन को बंद किया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद में शव परिजनों को सौंपते हुए हादसे की जॉच शुरु कर दी है।

### ट्रैवल्स एजेंसी के संचालक ने फांसी लगाकर कि आत्महत्या

भोपाल। गोविंदपुरा थाना इलाके में ट्रैवल्स एजेंसी के संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि ए सेक्टर गोविंदपुरा में रहने वाला राजकुमार स्वामी पिता स्वर्गीय सैलू स्वामी (23) ट्रैवल्स एजेंसी का चलाता था। उसके पास लोडिंग ऑटो, डीजे के लिए वाहन सहित अन्य वाहन है। राजकुमार ने बीती शाम अपने कमरे में फांसी लगा ली। हादसे पर नजर पड़ते ही परिवार वालो ने उसे तुरंत ही फंदे से उतारकर इलाज के लिये निजी हॉस्पिटल पहुंचाया, वहां से उसे हमीदिया हॉस्पिटल ले जाने को कहा गया। हमीदिया पहुंचने पर डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस कि शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि कुछ समय पहले ही उसने प्रेम प्रसंग के बाद विवाह किया था। डेढ़ महीने पहले उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई।

## जन्मदिन की पार्टी में बुलाकर बॉयफ्रेंड ने युवती से किया रेप

**भोपाल।** कोलार इलाके में जन्मदिन की पार्टी में बुलाकर बॉयफ्रेंड ने युवती के साथ दुष्कर्म कर डाला। इतना ही नहीं आरोपी ने रेप के बाद पीड़ीता के प्रायवेट पार्ट में सेक्स टॉय डालकर उसके गुप्तांग को चोट भी पहुंचाई। आरोपी की करतूत के कारण युवती के गुप्तांग व पेटदर्द में दर्द होने लगा। बीते दिन पीड़ीता कि शिकायत पर पुलिस ने आरोप के खिलाफ बलात्कार का मामला कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार कोलार इलाके में स्थित एक कॉलोनी में किराये से रहने वाली 26 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि वह मूल रुप से बंगाल की रहने वाली है, और ब्युटिशियन का काम करती है। करीब डेढ़ साल पहले वह एक पब में गई थी, वहॉं उसकी एक दोस्त ने उसे ललित मूलचंदानी नाम के युवक से मिलवाया था। जल्द ही उनके बीच दोस्ती और फिर प्रेम-प्रसंग शुरु हो गया। उनका प्रेम-प्रसंग तब से ही चल रहा था। बीती 2 अप्रैल को ललिल का जन्मदिन था, जिसके लिये उसने अपने घर में देर शाम को बर्थडे पार्टी रखी थी। पार्टी में उसने युवती समेत अपने अन्य दोस्तों को भी बुलाया था। पार्टी के बाद जब सभी लोग चले गए तब ललित ने युवती को घर पर ही रोक लिया।

## अधिकारी विद्यार्थियों के पालक की तरह, छात्रवृत्ति के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएं: डॉ. पल्लवी जैन गोविल

भोपाल

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शाहपुरा स्थित आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भर के विभिन्न जनजातीय बाहुल्य जिलों के विभागीय अधिकारी और 95 सी.एम. राइज विद्यालयों के प्राचार्य शामिल हुए। इसमें जनजातीय कार्य विभाग की प्रमुख सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल वर्चुअली शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि विभागीय सहायक आयुक्त एवं जिला संयोजक जनजातीय विद्यार्थियों के पालक की तरह होते हैं, इसलिए उन्हें विद्यार्थियों की सभी जरूरतों का ध्यान रखना चाहिए।



उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में पलायन के कारण विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित होती है। इसलिए विभाग इस वर्ष अपने छात्रावासों को ग्रीष्मकाल में भी विद्यार्थियों के लिए खुला रखेगा। डॉ. गोविल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति वितरण में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और लक्ष्य रखें कि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित ना रह जाए। इसके लिए उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच जिला स्तरीय समन्वय समिति बनाने का सुझाव भी दिया।

## मुस्लिमों ने बरसाए फूल

# भोपाल में हनुमान प्रकटोत्सव की धूम, पुराने शहर में निकली शोभायात्रा

भोपाल

राजधानी भोपाल में हनुमान प्रकटोत्सव की धूम है। शाम को पुराने शहर में शोभायात्रा निकली। सुरक्षा की दृष्टि से खासा पुलिस बल तैनात रहा। हजारों श्रद्धालु इसमें शामिल हुए। खास बात ये है कि सांप्रदायिक सद्भाव और भाईचारे के बीच यह शोभायात्रा निकाली गई। सबसे अच्छी तस्वीर तब दिखी, जब मुस्लिम समाज के लोगों ने शोभायात्रा पर फूल बरसा कर स्वागत किया। इसके अलावा भी कई स्थानों से शोभायात्राएं निकाली गईं। वहीं, हनुमान मंदिरों में भंडारे और महाआरती हुई। न्यू मार्केट, छोला, 1100 क्वार्टर समेत शहरभर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही अनुष्ठान शुरू हो गए थे।

न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर में भी दोपहर 12 बजे महाआरती हुई। इसके बाद भंडारा शुरू हो गया। हनुमान प्रकटोत्सव के चलते मंदिर को



एक हजार रंगीन वस्त्रों और 3 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। मंदिर ट्रस्ट के मैनेजर योगेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 7 बजे बाबा का महाभिषेक चोला, श्रृंगार, पूजा और आरती के बाद दोपहर 12 बजे महाआरती की गई। इसके बाद भंडारा शुरू हो गया, जो देर रात तक चलेगा।

भोपाल के पुराने शहर में शाम को शोभायात्रा निकली। इस दौरान मुस्लिमजनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर न्यू मार्केट में सुबह बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। हनुमान प्रकटोत्सव के मौके पर गुरुवार को शोभायात्रा भी निकाली जा रही है। जय मां भवानी हिंदू संगठन ने शाम 5 बजे काली मंदिर बुधवारा चौराहा से शोभायात्रा निकाली, जो इतवारा, मंगलवारा, सिंधी कॉलोनी स्थित मां भवानी दुर्गा मंदिर पर पहुंचेगी।

यहां पर शोभायात्रा का समापन होगा। समिति के अध्यक्ष भानू हिंदू, विवेक साहू समेत कई पदाधिकारी व्यवस्था में जुटे हैं। इस दौरान सांप्रदायिक सौहार्द का मामला दिखाई दिया। बुधवारा स्थित चार बत्ती चौराहे से गुजरते वक्त मुस्लिमजनों ने फूल बरसाकर स्वागत किया।

### यहां भी आयोजन

- संकट मोचन हनुमान मंदिर 1100 क्वार्टर्स में बुधवार को मंदिर में अखंड रामायण पाठ किया गया। गुरुवार को कई अनुष्ठान हुए। पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है।
- श्रीजी मंदिर लोहा बाजार में हनुमान प्रतिमा पर चंदन व सिंदूर से श्रीराम नाम लिख कर श्रृंगार किया गया। यहां बालाजी भक्त मंडल 25 हजार लोगों को भंडारा कराया गया है। रात में भजन संध्या होगी।
- श्री हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर उद्देश्य युवा सामाजिक एवं जनकल्याण समिति ने शोभायात्रा, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया।
- श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर छोला से हनुमान मंदिर उदासीन अखाड़ा पुतलीघर तक हिंदुत्व एकता शोभायात्रा निकल रही है।
- शिवाजी चौराहा तुलसीनगर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हनुमान प्रकटोत्सव की धूम रही। यहां छप्पन भोग एवं भंडारा हुआ।

## नहाते समय बना रहा था विवाहिता का वीडियो, हुआ फरार



**भोपाल।** शहर के टीटी नगर थाना इलाके में विवाहिता ने युवक पर नहाते समय उसका अशलील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय विवाहिता ने शिकायत करते हुए बताया कि वह करीब पंद्रह दिन पहले ही इलाके की एक झुग्गी बस्ती में किराए से रहने आई है। उसके घर के पास ही कच्चा बाथरूम बना है। बीती सुबह करीब दस बजे वह नहा रही थी, तभी उसकी नजर पड़ी उसने देखा कि दाई नामक युवक चोरी छिपे उसे देख रहा था था, और उसके हाथ में मोबाइल भी था। उसने शोर मचाया जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। बाद में पति के घर लौटने पर महिला ने घटना की जानकारी उसे दी, और उसके साथ थाने जा पहुंची। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसे संदेह है, कि आरोपी ने उसका आपत्तिजन वीडियो बनाया है। मामला कायम कर पुलिस फरार आरोपी की धरपकड़ के प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी कि गिरफ्तारी के बाद ही सामने आ सकेगा कि उसने वीडियो बनाया है, या नहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### नरसिंहपुर से पैदल चलकर भोपाल पहुंचे रोजगार सहायक

भोपाल। मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले से कई रोजगार सहायक बुधवार को भोपाल पहुंचे। उन्होंने करीब 270 किलोमीटर की दूरी 12 दिन में पूरी की। वे पैदल चलकर यहां पहुंचे। उनका कहना है कि 9 हजार रुपए में कुछ नहीं होता। तंख्वाह बढ़ाने के लिए वे ष्टस्रुशिवराज सिंह चौहान से मिलेंगे और उन्हें संकल्प याद दिलाएंगे। रोजगार सहायकों ने अपनी मांगों पर बात करने यह अनोखी यात्रा निकाली। उन्होंने इस यात्रा का नाम मामा-मामी दर्शन संकल्प यात्रा रखा है। सैकड़ों की संख्या में वे बुधवार को नरसिंहपुर से पदयात्रा करके भोपाल पहुंचे। इसके बाद अंबेडकर पार्क में टेंट लगाकर बैठ गए।

### योजनाओं में इसी माह लक्ष्य निर्धारित करें

भोपाल। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि चालू वित्तीय वर्ष के शुरूआत में ही योजनाओं के लक्ष्य निर्धारित कर लिये जायें, जिससे योजनाओं का लक्ष्य के अनुरूप क्रियान्वयन शुरू किया जा सके। शासन की मंशानुरूप अधिकारी निर्धारित लक्ष्य के साथ पात्र लोगों को लाभान्वित करें। कुशवाह निवास कार्यालय पर विभागीय समीक्षा कर रहे थे। राज्य मंत्री कुशवाह ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन, राष्ट्रीय औषधि पौध मिशन, कृषक प्रशिक्षण-सह-भ्रमण कार्यक्रम, फल पौध-रोपण योजना, फसल बीमा योजना, शीत श्रंखला अधो-संरचना विकास, संरक्षित खेती प्रोत्साहन योजना, मसाला क्षेत्र विस्तार योजना सहित सभी योजनाओं की लक्ष्य निर्धारण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजनाओं में प्राप्त बजट के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करें। जिला और विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों को दिये गये लक्ष्य से अवगत करायें और उन्हें निर्देशित करें कि लक्ष्य प्राप्ति के लिये अभी से सक्रिय हों। राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि जिला और विकासखण्ड स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी जरूरी निर्देश भी जारी किये जायें। संचालक उद्यानिकी श्रीमती निधि निवेदिता और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### एमपी ट्रांसको ने ऊर्जीकृत किया एनरिच सोलर पॉवर प्लांट के लिए 132 के.व्ही. का फीडर

भोपाल। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने एनरिच सोलर पॉवर प्लांट छनेरा जिला खंडवा के लिए 132 के.वी. लाइन एवं फीडर-वे 220 के.व्ही. सबस्टेशन छनेरा में ऊर्जीकृत करने में सफलता पाई है। गत दिवस 1.6 किलोमीटर लंबी इस लाइन एवं इसके लिए सबस्टेशन में फीडर-वे का निर्माण एवं परीक्षण का कार्य पूर्ण होने के बाद मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने इसे ऊर्जीकृत किया।

## स्टार्टअप आरंभ करने में महिलाएँ सक्रिय : मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में लगभग 45 प्रतिशत स्टार्टअप अब महिलाएँ शुरू कर रही हैं। नवाचारी आइडियाज पर काम करते हुए बहनों ने कई लाभप्रद स्टार्टअप शुरू किए हैं। प्रदेश में हर महीने 100 से 150 नए स्टार्टअप रजिस्टर्ड हो रहे हैं, जिसमें से 45 फीसदी महिलाएँ अपने स्टार्टअप रजिस्टर करवा रही हैं। प्रदेश की महिलाएँ फूड, एग्रीकल्चर, टेक्नालॉजी, नवकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए लोकल फॉर वोकल के मंत्र से भी स्थानीय स्तर पर महिलाओं को आगे आने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री चौहान श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से सशक्त मध्यप्रदेश के लिए जन-भागीदारी से हो रहे नवाचारों के संबंध में चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना में प्रदेश में अब तक 54 लाख 17 हजार 429 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। लगभग एक सप्ताह में ही लक्ष्य के विरूद्ध 50 प्रतिशत के करीब रजिस्ट्रेशन हो गए हैं। यह जनता का कार्यक्रम बन गया है। योजना, बहनों की जिन्दगी बदलने का एक प्रयास है।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना आर्थिक सशक्तिकरण का बेहतर माध्यम बनेगी

भोपाल

आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रामकिशोर नानो कावरे ने कहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सामाजिक क्रांति के साथ महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का बेहतर माध्यम बनेगी। पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री श्री कावरे मंगलवार को पन्ना कलेक्ट्रेट में योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे।



प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले में अधिकारी लक्षित वर्ग के परिवारों की महिलाओं को आवेदन करने के लिये प्रेरित करें। उन्होंने वार्ड वार पात्र महिलाओं के चिन्हित किये जाने पर जोर दिया। प्रभारी मंत्री श्री कावरे ने जिला पंचायत के सीईओ को प्रतिदिन मैदानी अमले के साथ समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समग्र के ई-केवाईसी कार्य के लिये अनाधिकृत पैसा माँगने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये। बताया गया कि जिले में एक लाख 40 हजार से अधिक महिलाओं को योजना में लाभान्वित करने का लक्ष्य बनाया गया है। दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में वाहनों से महिलाओं को शिविर स्थल तक लाने की व्यवस्था की जा रही है। जिले में अब तक लगभग 70 हजार आवेदन ऑनलाइन प्राप्त किये गये हैं।

### रूसी संघ के चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए

## रूस के साथ व्यापार बढ़ाने का यह बेहतर मौका : मंत्री सखलेचा

भोपाल

एमएसएमई मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा है कि भारत में रूसी संघ के चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की स्थापना से देश के अंतरराष्ट्रीय सहयोग, साझेदारी और व्यवसाय के विकास को बढ़ावा मिलेगा। रूस के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंध हैं और अब इन संबंधों के साथ व्यापार को बढ़ाने की जरूरत है। मंत्री श्री सखलेचा मंगलवार को दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में रूसी संघ के चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि सीसीआई रूसी संघ के भारत प्रमुख श्री इगोर पियासेट्स्की की अध्यक्षता में शुरू किए जा रहे सीसीआई इंडिया का उद्देश्य भारत और रूस के बीच नए वातावरण के निर्माण के माध्यम से दीर्घकालिक सहयोग स्थापित करने के साथ ही घरेलू कंपनियों को सपोर्ट करना है। श्री सखलेचा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एमएसएमई के लिए देश में नया वातावरण निर्मित हुआ है। श्री सखलेचा ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में एमएसएमई और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की नीतियों पर प्रकाश डाला एवं रूसी संघ के व्यापार प्रतिनिधियों को मध्य प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि रूस की आपूर्ति श्रंखला के साथ उनकी निर्माण इकाइयाँ, भारतीय बाजारों में प्रवेश कर रही हैं, जो दोनों देशों के उद्यमियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। उद्यमियों की समस्याओं का समाधान और उनके सतत विकास हेतु रूसी संघ का सीसीआई भारत और रूस के बीच सेतु का काम करेगा।

कार्यक्रम में रूसी संघ के सीसीआई के अध्यक्ष ने कहा कि भारत में व्यापार के अवसरों की तलाश करने के लिए लगभग 350 उद्यमी कार्य कर रहे हैं, जो धातु विज्ञान और मशीन, रक्षा और कृषि प्रसंस्करण में अवसरों की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूसी संघ की 20 कंपनियाँ सहयोग/एमओयू के लिए तैयार हैं। उद्घाटन समारोह मेंसी सीआई रूसी संघ के अध्यक्ष श्री सेर्गेई कात्यारिन, सीसीआई रूसी संघ के भारत प्रमुख, श्री इगोर पियासेट्स्की, रूस दूतावास के सचिव श्री इल्दार, गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिगंबर कामत, सेवा भारती के श्री पन्ना लाल भंसाली, रूस के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि और व्यापार प्रतिनिधि समेत मध्यप्रदेश सरकार के एमएसएमई और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## दिनदहाड़े गोल्ड लूटने बैंक पहुंचे बदमाश कर्मचारियों पर पिस्टल तानी




**भोपाल।** भोपाल में दिनदहाड़े बैंक लूटने की कोशिश की गई। चार हथियार बंद लुटेरे बुधवार सुबह बैंक में घुस आए। गार्ड से झूमाझटकी कर पिस्टल तान दी। मैनेजर को केबिन में पिस्टल का बट मारकर गिरा दिया। मैनेजर ने सतर्कता से केबिन में लगे सायरन के स्विच को ऑन कर दिया। घबराकर चारों लुटेरे भाग गए। बैंक में 5 करोड़ का सोना रखा था। मामला पिपलानी इलाके में फेड बैंक फास्ट गोल्ड लोन ब्रांच का है। पिपलानी थाना प्रभारी अजय नायर ने बताया कि गुलमोहर कॉलोनी के रहने वाले विक्रांत राजवैद्य फेड बैंक फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड (फास्ट गोल्ड लोन) इंद्रपुरी शाखा में मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह करीब 10 बजे हम रोजाना की तरह काम कर रहे थे। वह पब्लिक रिलेशनशिप कर्मचारियों के साथ बैंक में बैठे थे। गार्ड अनिल चैनल गेट के पास खड़ा था। इसी बीच, टोपी लगाए हुए एक युवक पहुंचा। उसने गार्ड से कहा कि उसे गोल्ड लोन के बारे में जानकारी लेनी है।

### 3968 मिलियन यूनिट उत्पादन, 90.6% पीएलएफ और 94.3% पीएएफ

## विद्युत गृह-4 ने सर्वाधिक बिजली उत्पादन का बनाया रिकार्ड

भोपाल

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के विद्युत गृह क्रमांक-चार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 3968 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन के साथ 90.6 प्रतिशत प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) और 94.3 प्रतिशत प्लांट अबेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ) हासिल किया। यह विद्युत गृह की स्थापना से अभी तक का सर्वाधिक विद्युत उत्पादन के साथ सर्वाधिक पीएलएफ तथा पीएएफ है। उल्लेखनीय है कि विद्युत गृह क्रमांक-4 में 250-250 मेगावाट की दो इकाइयाँ संचालित हैं। इकाई क्रमांक-11 ने 100 प्रतिशत पीएएफ और अधिकतम विद्युत उत्पादन का



बनाया रिकार्ड सारनी ताप विद्युत गृह की 250 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक-11 ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 2101.8 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर नया कीर्तिमान बनाया है। इस इकाई का पीएलएफ 96 प्रतिशत और पीएएफ 100 प्रतिशत रहा। यह अभी तक का सर्वाधिक विद्युत उत्पादन, सर्वाधिक पीएलएफ एवं पीएएफ का कीर्तिमान है। इस इकाई की वार्षिक विशिष्ट तेल खपत 0.07 मिलीलीटर प्रति यूनिट और ऑक्जलरी कंजम्पशन 7.99 प्रतिशत रहा, जो कि इकाई की स्थापना काल से अभी तक का न्यूनतम है।

### दोनों इकाइयाँ रहीं सतत् क्रियाशील

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की दोनों इकाइयाँ 15 अक्टूबर 2022 से लगातार उत्पादन करते हुए 177 दिनों से सतत् क्रियाशील हैं। वित्तीय वर्ष में इकाई क्रमांक 10 एवं 11 ने क्रमशः 213 और 202 दिनों तक सतत् क्रियाशील रहने की विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250-250 मेगावाट क्षमता के विद्युत गृह क्रमांक-4 की विशिष्ट तेल खपत 0.14 मिलीलीटर प्रति यूनिट और संयंत्र सहायक विद्युत खपत (ऑक्जलरी कंजम्पशन) 8.08 प्रतिशत रही।

## विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग आवश्यक

भोपाल

प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्री फैज अहमद किदवई ने कहा विभागीय योजनाओं एवं दायित्वों के सफल क्रियान्वयन के लिए सतत मॉनिटरिंग करें। यह बात श्री किदवई ने संचालनालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान की।

मध्यप्रदेश में प्रतिभाशाली दिव्यांगजनों को सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना का लाभ मिलता है। यह लाभ संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा में विभिन्न स्तरों पर सफल होने वाले दिव्यांग प्रतिभागियों को प्राप्त होता है। इसमें प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर रूपये 20,000, मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर रूपये 30,000 एवं अंतिम चयन होने पर रूपये 20,000 राशि दी जाती है। अब तक 19 प्रतिभावान दिव्यांग प्रतिभागियों को लाभ मिला है। मध्यप्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक हेल्पलाइन एल्डर लाइन - 14567 संचालित की जा रही है। हेल्प लाइन द्वारा वरिष्ठजनों से संबंधित जानकारी, सुझाव, भावनात्मक सहयोग, दुर्घटना, दुर्व्यवहार से बचाव के लिये जानकारी प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 31,072 वरिष्ठजनों ने इसका उपयोग किया है।

### भारत ने धोनी की कप्तानी में 2011 में 28 साल बाद वनडे वर्ल्ड कप जीता

# MCC ने धोनी को दी लाइफटाइम मेंबरशिप, इस लिस्ट में युवराज, रैना, मिताली भी शामिल

**नई दिल्ली**

क्रिकेट के नियम बनाने वाली संस्था MCC यानी मेलिरिबोन क्रिकेट क्लब ने 2011 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान एमएस धोनी सहित पांच भारतीय क्रिकेटर को क्लब की लाइफटाइम मेंबरशिप से नवाजा है। MCC ने बुधवार (5 अप्रैल) को इसकी घोषणा की। धोनी के अलावा सुरेश रैना और युवराज सिंह सहित 19 पुरुष और महिला क्रिकेटरों को सम्मानित किया गया है। इसमें दो नॉन-प्लेइंग व्यक्ति भी हैं, जिन्हें पिच के बाहर उनके शानदार योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।

भारत ने धोनी की कप्तानी में 2011 में 28 साल बाद वनडे वर्ल्ड कप जीता था। युवराज और रैना उस टीम के सदस्य थे। भारत धोनी की कप्तानी में ही साल 2007 में टी-20 वर्ल्ड चैंपियन भी बना था। वहीं ODI में मिताली राज 232 मैचों में 7,805 रन बनाई हैं, जो महिला क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। विमेंस ODI मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली झूलन गोस्वामी भी सम्मान सूची में शामिल हैं। MCC खेल के कुछ दिग्गजों को उनके इंटरनेशनल करियर में शानदार प्रदर्शन के लिए लाइफटाइम मेंबरशिप देने पर विचार करती है और फिर उन्हें उससे नवाजा जाता है।




लाइफटाइम मेंबरशिप उन व्यक्तियों को भी दिया जाता है जिन्होंने MCC या खेल में असाधारण योगदान दिया हो। आखिरी बार 2021 में MCC ने 18 नए सदस्यों को लाइफटाइम मेंबरशिप दी थी। इसमें भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह और पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ भी शामिल थे। MCC क्रिकेट के नियम बनाती है और समय-समय पर इसमें भी बदलाव भी करती है। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब आज से साल 1787 में अस्तित्व में आया था। इसका हेडक्वार्टर इंग्लैंड का लॉर्ड्स मैदान में है। ICC के आने से पहले MCC के नियमों पर ही क्रिकेट खेला जाता था। ICC आज भी MCC के नियमों पर ही चलता है। MCC अभी भी क्रिकेट के नियम बनाता है, लेकिन वे ICC से हो कर ही गुजरते है।

### पृथ्वी पर भड़के वीरू: बोले- शुभमन गिल-गायकवाड से सीखो

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने दिल्ली कैपिटल्स के ओपनर पृथ्वी शॉ पर भड़क गए, क्योंकि गुजरात के खिलाफ मुकाबले में पृथ्वी शमी की बॉल पर खराब शॉट खेलकर आउट हुए। 44 साल के इस पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज ने पृथ्वी को सलाह देते हुए कहा- शॉ को शुभमन गिल और ऋतुराज गायकवाड़ को देखना चाहिए और अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाना चाहिए। शॉ को अपनी गलतियों से सीखना होगा। पृथ्वी शॉ गुजरात टाइटंस के खिलाफ 7 रन ही बना सके। वे मोहम्मद शमी की बॉल पर अल्जारी जोसेफ को कैच दे बैठे। पहले मैच में पृथ्वी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ महज 12 रन ही बनाए थे। मंगलवार रात को खेले गए इस मुकाबले को गुजरात जायंट्स ने 6 विकेट से जीता। सहवाग ने क्रिकबज से कहा- शॉ इस तरह की शॉट पर लगातार आउट हो रहे हैं। उन्हें अपनी गलतियों से सीखना होगा। पृथ्वी को शुभमन गिल और ऋतुराज गायकवाड को देखना चाहिए।

## न्यूजीलैंड दूसरा टी-20 जीता, श्रीलंका को 9 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर




**डुनेडिन**

श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच तीन टी-20 मैच की सीरीज खेली जा रही है। डुनेडिन में खेले जा रहे सीरीज के दूसरे टी-20 में बुधवार को न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 9 विकेट से हराया। सीरीज में दोनों ने 1-1 से बराबरी कर ली है।

श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 141 रन बनाए। श्रीलंका 19 ओवर में ही ऑलआउट हो गया। जवाब में न्यूजीलैंड ने 1 विकेट खो कर 14.4 ओवर में ही लक्ष्य का पीछा कर लिया। न्यूजीलैंड के टिम सेफर्ट ने अर्धशतक लगाया।

न्यूजीलैंड ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी की। पथुम निसंका और कुसल मेंडिस ओपनिंग करने उतरे। निसंका 9 और मेंडिस 10 रन बना कर आउट हो गए। कुसल परेरा और धनंजय डी सिल्वा ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 62 रन की पार्टनरशिप हुई। इसके बाद टीम बिखर गई। परेरा 35, सिल्वा 37, असलंका 24 और शनाका 7 रन बना कर आउट हुए। 5 विकेट के नुकसान पर 142 रन था। लेकिन, फिर विकेट गिरते ही चले गए और अगले 5 विकेट 19 रन के अंदर ही गिर गए। एडम मिल्ने ने शानदार बॉलिंग की। उन्होंने 5 विकेट लिए। बेन लिस्टर को 2 और हेनरी शिप्ली, रचीं रविंद्र और जिमी नीशम को 1-1 विकेट मिला।

#### तीसरा मैच 8 अप्रैल को

सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 8 अप्रैल को क्वींसटाउन में खेला जाएगा। यह सीरीज का डिसाइडर होगा। श्रीलंका और न्यूजीलैंड 1-1 मैच जीत चुके है। अब देखना होगा की ट्रॉफी पर कब्जा कौन सी टीम जमाती है।

# कारोबार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3650-3680, खोपरा गोला 125-145, खोपरा बूरा 1950-3800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 300-315, ऊंझा हल्का 325-330, मीडियम 345-360, बेस्ट 365-380, हल्दी निजामाबाद 100-120, सांगली 160-162, साबूदाना हल्का 6200-6250, मीडियम 6300-6400, बेस्ट 6500-6600, सच्चा मोती 6875, सौंफ मोटी 160-180, मीडियम 185-200, बेस्ट 220-250, सौंफ बारी?क 190-225, कालीमिर्च एटम 545-555, गरबल 527-533, मटर दाना 575-590, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 155-160, बेस्ट 168-170, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्स्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 405-415, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 700-750, सिंगापुरी 630-640, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्स्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1380-1400, मैदा कट्टा 1440-1460, रवा कट्टा 1480-1500, बेसन 3400 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1550-1600, (160) 1750-1800, (200) 2000-2050, (250) 2150-2200

**तेल :-** सींगदाना 1710-1730, मुम्बई 1700, राजकोट तेलिया 2700, सोया साल्वेंट 1035-1040, सोया रिफाइंड 1070-1075, कपास्या 1000, धूलिया 995, कड़ी 1000,

**तिलहन :-** सरसो 5900-6100, रायडा 4600-4900, सोयाबीन 4800-5550, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 5300-5325, एवरेज 4950-4975


### भारत सरकार की PLI स्कीम का हिस्सा एपल

# भारत में इस महीने खुलेगा एपल का पहला स्टोर, मुकेश अंबानी के जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में मिलेंगे एपल की सर्विस

**मुंबई**

टेक कंपनी एपल जल्द ही भारत में अपना पहला फ्लैगशिप रिटेल स्टोर एपल BKC खोलने जा रहा है। यह स्टोर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में खोला जाएगा। ये मॉल मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में है।

एपल ने मॉल में एक बैनर लगाया है, जिस पर लिखा है, एपल BKC जल्द आ रहा है। कंपनी ने एपल इंडिया स्टोर की वेबसाइट पर भी एक टीजर रिलीज किया है। इसमें लिखा है, हैलो मुंबई। हम भारत में अपने पहले स्टोर में आपका स्वागत करने के लिए तैयार हो रहे हैं। ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार,




स्टोर में ग्राहक अपने एपल डिवाइसेज एक्सचेंज कर सकेंगे। इसके अलावा, उन्हें स्टोर से प्रोडक्ट खरीदने के लिए एपल स्टोर गिफ्ट कार्ड मिलेंगे। उन्हें जीनियस बार का ऑप्शन भी मिलेगा। इसमें एक्सपर्ट सर्विस और सपोर्ट दिया जाता है। बायर्स किसी भी डिवाइस का ऑनलाइन ऑर्डर देकर स्टोर से पिक कर सकेंगे।

कोविड-19 महामारी के कारण भारत में एपल स्टोर्स के लॉन्च में देरी हुई है। 2020 में एपल की ऐनुअल शेयरहोल्डर्स मीटिंग के दौरान ष्टश्वह्र टिम कुक ने कहा था कि वे नहीं चाहते कि भारत में कोई और हमारे लिए ब्रांड चलाए। लेकिन 2021 में स्टोर खोलने का एपल का प्लान महामारी के कारण पटरी से उतर गया था। सालों से एपल के रिटेल पार्टनर बड़े और छोटे भारतीय शहरों में थर्ड-पार्टी स्टोर चला रहे हैं, लेकिन वैसा एक्सपीरिएंस नहीं दे पा रहे जैसा कि न्यूयॉर्क के 5th एवेन्यू, लंदन की रीजेंट स्ट्रीट या सिंगापुर के मरीना बे में मिलता है। एपल के स्टोर दुनिया के कुछ सबसे सक्सेसफुल रिटेल आउटलेट हैं और बेहद फायदेमंद हैं।

### रिलायंस का पहला ई-कॉमर्स ब्यूटी प्लेटफॉर्म टीरा लॉन्च

रिलायंस रिटेल लिमिटेड ने अपने ई-कॉमर्स ब्यूटी प्लेटफॉर्म टीरा को लॉन्च कर दिया है। उसने अपना पहला ऑफलाइन टीरा स्टोर मुंबई में बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में खोला है। स्टोर में नए ब्यूटी टेक टूल्स जैसे कि कस्टमाइज्ड लुक के लिए वर्चुअल ट्राय-ऑन और एक स्किन एनालाइजर भी मिलेगा।

## मुकेश अंबानी दुनिया के 9वें सबसे अमीर बिजनेसमैन

**वॉशिंगटन**

फोर्ब्स ने मंगलवार, 4 अप्रैल को दुनिया के अरबपतियों की 37वीं सालाना लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने लगातार दूसरे साल टॉप-10 में अपनी जगह बनाई है।

वे 2023 में 83.4 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ 9वें स्थान पर रहे, जबकि 2022 में 90.7 बिलियन



डॉलर की नेटवर्थ के साथ 10वें पायदान पर थे। एशिया में मुकेश सबसे अमीर व्यक्ति हैं। लिस्ट में इस साल मुकेश अंबानी माइक्रोसॉफ्ट के स्टीव बाल्मर, गूगल के लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन, फेसबुक के मार्क जुकरबर्ग और डेल टेक्नोलॉजीज के माइकल डेल से ऊपर हैं। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की लिस्ट में पहले नंबर पर बर्नार्ड अरनॉल्ट, दूसरे पर एलन मस्क और तीसरे स्थान पर जेफ बेजोस हैं। वहीं इस लिस्ट में अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी 24वें नंबर पर है। अडाणी 24 जनवरी को दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)